दिन– गुरूवार दिनांक– 20 / 11 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 07:30 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. नीतीश कुमार ने पटना के गांधी मैदान में आयोजित भव्य समारोह में दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

02. नीतीश कैबिनेट में भाजपा कोटे से चौदह, जदयू से आठ, एलजेपी आर से दो, हम और रालोमो से एक–एक मंत्री शामिल। नौ नये चेहरों को पहली बार मिला अवसर।

03. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, दिल्ली समेत ग्यारह राज्यों के मुख्यमंत्री और कई केंद्रीय मंत्री शपथ ग्रहण समारोह में हुए शामिल।

04. और, सर्वोच्च न्यायालय का बड़ा फैसला– विधेयकों को मंजूरी देने के लिए राष्ट्रपति और राज्यपालों पर समय–सीमा लागू नहीं की जा सकती।

---

जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने दसवीं बार आज राज्य के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित समारोह में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

–––बाइट–––

मैं नीतीश कुमार सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञान करता हूं कि मैं विधि द्वारा स्थापित भारत के संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा और निष्ठा रखूंगा। मैं भारत की प्रभुता और अखंडता अक्षुण रखूंगा। मैं बिहार राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में, मैं अपने कर्तव्यों का श्रद्धापूर्वक और शुद्ध अंतःकरण से निर्वहन करुंगा।

शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता समेत ग्यारह राज्यों के मुख्यमंत्री और कई केंद्रीय मंत्री समारोह में शामिल हुए।

---

नीतीश कुमार के शपथ ग्रहण के बाद भाजपा के वरिष्ठ नेता सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने मंत्री पद की शपथ ली। इसके बाद कैबिनेट के अन्य सदस्यों को छह–छह के समूह में एक साथ शपथ दिलाई गयी। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

भाजपा कोटे से मंगल पांडेय, दिलीप जायसवाल, रामकृपाल यादव, नितिन नवीन, रमा निषाद और लखेन्द्र पासवान ने शपथ ली। इसके साथ ही भाजपा के श्रेयसी सिंह, प्रमोद कुमार चंद्रवंशी, संजय सिंह टाईगर, अरूण शंकर प्रसाद, सुरेन्द्र मेहता और नारायण प्रसाद को भी मंत्री पद की शपथ दिलाई गयी। इधर, जदयू कोटे से पुराने और अनुभवी चेहरों बिजेन्द्र प्रसाद यादव, विजय कुमार चौधरी, श्रवण कुमार, अशोक चौधरी, मदन सहनी, सुनील कुमार, मोहम्मद जमा खान और लेशी सिंह ने मंत्री पद की शपथ ली। इधर, लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास से संजय पासवान और संजय सिंह, जबकि हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा से संतोष कुमार सुमन ने मंत्री पद की शपथ ली। राष्ट्रीय लोक मोर्चा से दीपक प्रकाश ने मंत्री पद की शपथ ली। दीपक प्रकाश अभी किसी भी सदन के सदस्य नहीं हैं। वे राष्ट्रीय लोक मोर्चा प्रमुख उपेन्द्र कुशवाहा के पुत्र हैं। समाचार कक्ष से मैं सत्यम कुमार।

बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा ने नवासी, जदयू ने पचासी, लोकजनशक्ति पार्टी – रामविलास ने उन्नीस, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा ने पांच और राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने चार विधानसभा सीटों पर जीत दर्ज की है।

———————————————————

मुख्यमंत्री के साथ भाजपा कोटे से चौदह, जदयू से आठ, लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के दो, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के एक और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के एक सदस्य ने मंत्री पद की शपथ ली। इनमें से नौ पहली बार राज्य कैबिनेट में शामिल किये गये हैं। नये चेहरों में भाजपा के वरिष्ठ नेता और दानापुर से नवनिर्वाचित विधायक रामकृपाल यादव, अंतराष्ट्रीय शूटिंग खिलाड़ी और जमुई सीट से निर्वाचित विधायक श्रेयसी सिंह, बहादुरपुर से निर्वाचित भाजपा के युवा नेता लखेन्द्र रौशन पासवान, औराई सीट से विजयी भाजपा विधायक रमा निषाद, खजौली से निर्वाचित भाजपा विधायक अरूण शंकर प्रसाद, आरा सीट से नवनिर्वाचित विधायक संजय सिंह टाइगर, महुआ सीट से विजयी एलजेपी आर के संजय कुमार सिंह, बखरी से नवनिर्वाचित एलजेपी आर के संजय पासवान और रालोमो के युवा नेता दीपक प्रकाश शामिल हैं।

———————————————————

भाजपा कोटे से मंत्रिमंडल में शामिल किये गए पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि वे निष्ठापूर्वक जिम्मेदारी को पूरा करेंगे।

–––बाइट–––

वहीं, राज्य मंत्रिमंडल में पहली बार शामिल हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि वे जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने का प्रयास करेंगे।

–––बाइट–––

नीतीश कैबिनेट में पहली बार स्थान प्राप्त करने वाली श्रेयसी सिंह ने अपने निर्वाचन क्षेत्र, जमुई की जनता का धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि वे किसी को निराश नहीं करेंगी।

———बाइट———

जदयू के श्रवण कुमार ने कहा कि राज्य की जनता ने ऐतिहासिक जनादेश दिया है और नई सरकार बिहार के विकास के संकल्प को और आगे बढ़ायेगी।

———बाइट———

कैमूर जिले के चैनपुर विधानसभा क्षेत्र से जदयू के नवनिर्वाचित विधायक जमा खान को मंत्रिमंडल में फिर स्थान मिला है। कैबिनेट में एक मात्र अल्पसंख्यक मंत्री जमा खान ने कहा कि नई सरकार सबका साथ, सबका विकास के सिद्धांत पर सबके हित में कार्य करेगी।

———बाइट———

---

जदयू के वरिष्ठ नेता के.सी. त्यागी ने कहा कि मंत्रिमंडल संतुलित है। इसमें नये चेहरे शामिल किए गये हैं, जो नया बिहार बनायेंगे।

———बाइट———

लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि यह सरकार एमवाई यानि महिला—युवा के समीकरण वाली सरकार है। उन्होंने कहा कि बिहार फर्स्ट—बिहारी फर्स्ट का सपना जरूर पूरा होगा।

———बाइट———

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि राज्य का सौभाग्य है कि नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार की जोड़ी विकास के संकल्प के साथ कार्य कर रही है।

———बाइट———

---

केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि राज्य की जनता ने स्पष्ट जनादेश दिया है। उन्होंने कहा कि नई सरकार राज्य को विकास पथ पर तेजी से आगे बढ़ाएगी।

———बाइट———

केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने नीतीश कुमार और उनके कैबिनेट सहयोगियों को शुभकामना देते हुए कहा कि उन्हें विश्वास है कि नई सरकार जनता की अपेक्षा को पूरा करेगी।

———बाइट———

---

शपथ ग्रहण समारोह में एनडीए शासित विभिन्न राज्यों के मुंख्यमंत्री भी शामिल हुए। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नई सरकार को शुभकाना देते हुए कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य का निरंतर विकास जारी रहेगा।

———बाइट———

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि जनता ने ईमानदार लोगों का चयन किया है, जो बिहार को आगे ले जायेंगे।

———बाइट———

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन ने यादव कहा कि दो हजार पांच से ही एनडीए सरकार बिहार को विकसित बनाने के लिए कार्य कर रही है।

———बाइट———

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य का विकास डबल इंजन वाली सरकार के नेतृत्व में अनवरत जारी रहेगा।

———बाइट———

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि विकसित बिहार का संकल्प पूरा होगा।

———बाइट———

---

मंत्रिमंडल के गठन में जातिय गणित और सामाजिक समीकरण का भी ध्यान रखा गया है। सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व देने का प्रयास दिख रहा है। नीतीश मंत्रिमंडल में सबसे अधिक पिछड़ा वर्ग से दस मंत्रियों को शामिल किया गया है। इसके साथ ही आठ सवर्ण, पांच अनुसूचित जाति, तीन अति पिछड़ा और एक अल्पसंख्यक समुदाय से मंत्री बनाया गया है। मंत्रिमंडल में युवाओं और महिलाओं की भागीदारी भी सुनिश्चित की गयी है। नीतीश कुमार के मंत्रिमंडल में तीन महिला मंत्रियों को शामिल किया गया है।

---

राज्य में एनडीए सरकार के गठन के बाद बधाईयों का सिलसिला शुरू हो गया है। विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेताओं ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को शुभकामनाएं दी हैं। उप राष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बधाई दी है। सोशल मीडिया एक्स पर अपने संदेश में उपराष्ट्रपति ने कहा कि नई

सरकार राज्य के लोगों की उम्मीदों को पूरा करने में सफल हो, यही कामना करता हूँ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर नीतीश कुमार को बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि श्री कुमार एक अनुभवी प्रशासक हैं और प्रभावी शासन का उनका एक सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड है। श्री मोदी ने उन्हें नए कार्यकाल के लिए शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा को उप–मुख्यमंत्री का पदभार ग्रहण करने पर भी बधाई दी।

---

राजद विधायक दल के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बधाई दी। श्री यादव ने कैबिनेट में शामिल किये गए मंत्रियों को भी शुभकामनाएं दी। वहीं, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा ने अपने बधाई संदेश में कहा कि राज्य की जनता अब वायदों को पूरा किये जाने की अपेक्षा रखती है।

–––बाइट–––

---

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद दो सौ और दो सौ एक के तहत राष्ट्रपति और राज्यपाल द्वारा विधेयकों को मंजूरी देने के संबंध में न्यायालय कोई समय सीमा तय नहीं कर सकता है। मुख्य न्यायाधीश बी. आर. गवई की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संवैधानिक पीठ ने सर्वसम्मति से कहा कि यदि राज्यपाल विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों को अनुच्छेद दो सौ के तहत निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए बिना रोके रखते हैं तो यह संघीय ढांचे के हित में नहीं होगा। यह मत राष्ट्रपति के उस संदर्भ पर आया जिसमें विधेयको के राज्यपाल और राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए समय सीमा को लेकर स्पष्टीकरण मांगा गया था।

---

मोकामा विधानसभा क्षेत्र से जदयू के नवनिर्वाचित विधायक और दुलारचंद हत्याकांड मामले में मुख्य आरोपी अनंत सिंह की जमानत याचिका खारिज कर दी गयी है। पटना की स्थानीय अदालत ने आज अनंत सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि अनंत सिंह फिलहाल बेऊर जेल में ही रहेंगे। गौरतलब है कि उनतीस अक्टूबर को मोकामा के घोसवरी थाना क्षेत्र अंतर्गत बसवानचक गांव में चुनाव प्रचार के दौरान

दो दलों के समर्थकों के बीच झड़प के बाद मारपीट में जनसुराज पार्टी के समर्थक दुलारचंद यादव की मौत हो गयी थी।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. नीतीश कुमार ने पटना के गांधी मैदान में आयोजित भव्य समारोह में दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

02. नीतीश कैबिनेट में भाजपा कोटे से चौदह, जदयू से आठ, एलजेपी आर से दो, हम और रालोमो से एक–एक मंत्री शामिल। नौ नये चेहरों को पहली बार मिला अवसर।

03. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, दिल्ली समेत ग्यारह राज्यों के मुख्यमंत्री और कई केंद्रीय मंत्री शपथ ग्रहण समारोह में हुए शामिल।

04. और, सर्वोच्च न्यायालय का बड़ा फैसला– विधेयकों को मंजूरी देने के लिए राष्ट्रपति और राज्यपालों पर समय–सीमा लागू नहीं की जा सकती।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।